FORTUNA PR

Publication	Yashobhoomi	Date	06-06 -2017	Page No.	02
Client Name	Kamdhenu	Edition	Mumbai		

चौथी तिमाही में कामधेनु का शुद्ध लाभ ३१% बढ़ा

नई दिल्ली, भारत में ब्रांडेड टीएमटी बार की सबसे बड़ी विनिर्माता और विक्रेता कामधेनु लिमिटेड ने आज चैथी तिमाही और 31 मार्च 2017 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए वित्तीय प्ररिणामों की घोषणा की। इस तिमाही में रेवेन्यू 242 करोड़ रुपए रहा जो पिछले वि.व. की चौथी तिमाही से 23 प्रतिशत अधिक है। कर पूर्व लाभ 4.40 करोड़ रुपए दर्ज किया गया जो कि बीते वि.व. की समान अवधि के मुकाबले 8 प्रतिशत ज्यादा है। समीक्षाधीन तिमाही में कर पश्चात लाभ 3.1 करोड़ रुपए दर्ज किया गया जो वि.व. की चौथी तिमाही के मुकाबले 31 प्रतिशत अधिक है। इस वि.व. में कंपनी ने 825 करोड़ रेवेन्यू अर्जित किया जो पिछले वि.व. से 20 प्रतिशत कम है। पिछले वि.व. के मुकाबले कर पूर्व लाभ 17 प्रतिशत अधिक 14.48 करोड़ रुपए रहा है। बीते वि.व. के मुकाबले कर पश्चात लाभ 21 प्रतिशत अधिक 9.83 करोड़ रुपए रहा है। इन नतीजों पर कंपनी के सीएमडी सतीश कुमार अग्रवाल ने कहा है। तिमाही बहुत दमदार रही हैए वॉल्यूम ब.सजने से हमारे मुनाफे में वृद्धि हुई है। नोटबंदी और स्टील की कीमतों में रेशनलाइजेशन के चलते यह साल चुनौतीपूर्ण रहा फिर भी हमने सक्रियता से अपने कारोबार का प्रबंधन करते हुए और बदलते माहौल पर तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए हमने बहुत उम्दा प्रदर्शन किया है।